मुख्य सचिव से मिले राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक

प्रदेश में जेजेएम की गतिविधियों के बारे में व्यापक चर्चा

जयपुर, 15 जुलाई। मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य से गुरुवार को भारत सरकार में जल शक्ति मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन (एनजेजेएम) के मिशन निदेशक श्री भरत लाल ने शासन सचिवालय में मुलाकात कर जल जीवन मिशन की गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इस दौरान जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री सुधांश पंत तथा एनजेजेएम की निदेशक रूपा मिश्रा भी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने इस दौरान कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को वर्ष 2024 तक समयबद्ध रूप से पूरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुरूप 'हर घर नल कनेक्शन' देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सभी जिला कलक्टर्स एवं सम्भागीय आयुक्त को भी फील्ड में कार्यों की गति बढ़ाने के लिए सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देश जारी किए गए है। उनके स्तर (मुख्य सचिव) के स्तर से जिला कलक्टर्स की नियमित वीसी में जल जीवन मिशन की प्रगति के बारे में प्रमुखता से फीडबैक लिया जा रहा है।

इस दौरान प्रदेश में जेजेएम के तहत ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं की स्वीकृति, सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला कलक्टर्स, सम्भागीय आयुक्त और अभियंताओं को पुरस्कृत करने की योजना तथा गांव-ढ़ाणियों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता जांच की सुविधा मुहैया कराने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई।